पंजाब केसरी 04/10/2025






*शताब्दी वर्ष समारोह में शारीरिक प्रदर्शन करते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक और समारोह को संबोधित करते मुख्यातिथि जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राहुल दत्त। (चंद्रमोहन)*

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने शताब्दी वर्ष समारोह में किया शस्त्र पूजन

अम्बाला, 3 अक्तूबर (बलराम): विजय दशमी एवं संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष समारोह के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अम्बाला छावनी इकाई के दो उपनगरों ने शस्त्र पूजन के साथ मनाया।

गुरुनानक उपनगर का यह कार्यक्रम सनातन धर्म कॉलेज में हुआ, जिसमें मुख्यातिथि जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राहुल दत्त, जिला संघचालक प्रदीप और प्रांत बौद्धिक प्रमुख भूपेश ने शस्त्र पूजन किया। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह जीवन और उप नगर कार्यवाह राहुल ने किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने अनेक विधाओं का प्रदर्शन किया जिनमें सामूहिक व्यायाम योग, समता, नियुद्ध और घोष मुख्य थे।

अपने संबोधन में प्रांत बौद्धिक प्रमुख भूपेश ने विजयदशमी पर्व का महत्व समझाते हुए संघ की 100 वर्ष की यात्रा को विस्तार से बताया और स्वयंसेवकों को समाज एवं राष्ट्र हित के लिए कार्य करने के लिए सदा तत्पर रहने का संदेश दिया। उन्होंने संघ की गतिविधियों और समाज में उनके प्रभाव की विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल विज भी पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहे।

विवेकानंद उपनगर का यह कार्यक्रम बनारसी दास वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नगर संघचालक कैलाश, सह विभाग कार्यवाह रामकुमार और मुख्यातिथि अम्बाला छावनी के एस.डी.एम. विनेश कुमार ने शस्त्र पूजन किया। इस कार्यक्रम का संचालन सह नगर कार्यवाह नरेंद्र एवं विकास और उप नगर कार्यवाह पंकज ने किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने अनेक विधाओं का प्रदर्शन किया, जिनमें सामूहिक व्यायाम योग, समता, नियुद्ध और घोष मुख्य थे।

अपने संबोधन में सह विभाग कार्यवाह रामकुमार ने विजयदशमी पर्व और संघ की 100 वर्ष की यात्रा को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरणा से समाज में निर्मित अन्य 35 संगठनों के निर्माण एवं कार्य की विस्तार से चर्चा की और पंच परिवर्तन के साथ स्वयंसेवकों को समाज हित में और गति से कार्य करने का संदेश दिया।